न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, टोंक

पीठासीन अधिकारी– मुरारी लाल शर्मा
आर.ए.एस.

| मिसल नम्बर | तारीख दायरा | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 63 / 2021 / प्रा.पत्र / 2021 | 12.07.2021 | 30.09.2021 |

सत्यनारायण गूर्जर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक

....... प्रार्थी

बनाम

1–श्री हुकुम चन्द अग्रवाल पुत्र श्री गोपीलाल अग्रवाल निवासी ग्राम व पोस्ट खरेडा बुजुर्ग तहसील निवाई जिला टोंक एफ.बी.ओ. मैसर्स विशाल किराणा स्टोर बस स्टैण्ड खरेडा बुजुर्ग तहसील निवाई जिला टोंक राज0

2– मैसर्स विशाल किराणा स्टोर बस स्टैण्ड खरेडा बुजुर्ग तहसील निवाई जिला टोंक राज0

...... अप्रार्थी

**जुर्म अन्तर्गत खाध सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 (2) की उप धारा (iv) (v) एवं दण्डनीय धारा 58 (सहपठित धारा 49)**

उपस्थित–

1–प्रार्थी की ओर से श्री मदनलाल गूर्जर, खा0सु0अ0 स्वयं।

2–अप्रार्थी उपस्थित

**:–निर्णय–:** **दिनांक 30.09.2021**

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का सार इस प्रकार है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 19.01.2021 को समय 2.30 पी.एम पर वास्ते निरीक्षण मैसर्स विशाल किराणा स्टोर बस स्टैण्ड खरेडा बुजुर्ग तहसील निवाई जिला टोंक राज0पर पहुंचां। प्रोपराइटर की हैसियत से श्री हुकुम चन्द अग्रवाल पुत्र श्री गोपीलाल अग्रवाल निवासी ग्राम व पोस्ट खरेडा बुजुर्ग तहसील निवाई जिला टोंक एफ.बी.ओ. मैसर्स विशाल किराणा स्टोर बस स्टैण्ड खरेडा बुजुर्ग तहसील निवाई जिला टोंक राज0 खाद्य पदार्थ का कारोबार करते हुए उपस्थित मिला, को अपना परिचय दिया एवं परिचय पत्र दिखाया तथा उसका परिचय लिया, पूछने पर प्रतिष्ठान का मालिका होना स्वीकार किया एवं मौके पर खाद्य अनुज्ञा पत्र होना जाहिर किया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.11.29 10:23:12 IST
Reason: SelfAttested

आवेदक द्वारा निरीक्षण करने पर पाया कि आम ज[illegible] विक्रय हेतु दुकान मे **मिर्च पावडर (खुला)** रखा हुआ था, का निरीक्ष[illegible] की शंका होने पर. विक्रेता श्री हुकुम चन्द अग्रवाल को गवाह के [illegible] नमूना क्रय करने

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक

(मुहर: अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट टोंक)

हेतु नोटिस देकर नोटिस की रसीद प्राप्त की जिस पर विक्रेता हुकुम चन्द अग्रवाल एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाकर प्रार्थी ने हस्ताक्षर कर तस्दीक किया।

आवेदक द्वारा दुकान मे प्लास्टिक के 1 कट्टे मे लगभग 4–5 किलोग्राम **मिर्च पावडर (खुला)** रखे हुये मे से 2 किलोग्राम वेईग मशीन से तुलवाकर वास्ते नमूना जांच खरीदा जिसकी बाजार भाव के समान कीमत विक्रेता. श्री हुकुम चन्द अग्रवाल को रू0 400/–अक्षरे चार सौ रूपये नगद देकर रसीद प्राप्त की जिस पर विक्रेता के हस्ताक्षर तथा उपस्थित गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं आवेदक ने हस्ताक्षर किये।

आवेदक द्वारा खरीदशुदा **मिर्च पावडर (खुला)** 2 किलोग्राम को अलग–अलग चार साफ व सूखे प्लास्टिक के डिब्बो मे प्रत्येक मे 500–500 ग्राम भरकर,प्लास्टिक के डिब्बो के ढक्कन को नियमानुसार एयरटाईट बंद कर नियमानुसार चार नमूना भाग तैयार कर एंव चारो नमूना भागो के लिये चार लेबल नियमानुसार तैयार कर प्रत्येक भाग पर गोंद से चिपकाया और प्रत्येक लेबलो पर डी.ओ.कोड एवं क्रमांक I–2808 दर्ज किया। प्रत्येक लेबल पर स्वयं के हस्ताक्षर किये एवं विक्रेता के तथा गवाह के हस्ताक्षर करवाये गये।

चारो नमूना भागो को अलग–अलग खांकी कागज में लपेटकर प्रत्येक भाग पर डी.ओ. टोंक की हस्ताक्षर शुदा पेपर स्लिप नं. I–2808 नियमानुसार चारों नमूना भागों पर नीचे से उपर तक गोलाई से गोंद से चिपकाकर प्रत्येक भाग को धागे से बांध कर सील चपडी किया। प्रत्येक नमूना भाग पर विक्रेता. हुकुम चन्द अग्रवाल के हस्ताक्षर नियमानुसार इस प्रकार करवाये कि पेपर स्लिप व रेपर दोनो पर आवे। चारो नमूना भागो को अपने जाप्ते में लिया व मोका फर्द रिपोर्ट तैयार की।

आवेदक ने कार्यालय पहुंचकर फार्म नं0 6 की 6 प्रतियां तैयार की और प्रत्येक पर वह नमूना सील लगाई जिससे नमूना सील किया। एक नमूना भाग फार्म नं0 6 की प्रति के आउटर कवर में सील बन्द कर सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक राज्य केन्द्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जयपुर को जमा कराकर रसीद प्राप्त की।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को डी.ओ. एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक के पत्र क्रमांक एफ.एस.एस.ए./2021/413 दिनांक 17.02.2021 के द्वारा ज्ञात हुआ कि खाद्य विश्लेषक राज्य केन्द्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जयपुर से प्राप्त जांच रिपोर्ट सं0 एल0एस0/168/एक्ट/2021/279 दिनांक 03.02.2021 अनुसार हुकुम चन्द अग्रवाल से वास्ते नमूना जांच विक्रय किया गया **मिर्च पावडर (खुला)** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के रेगुलेशन (विक्रय प्रतिषेध एंव निर्बधन)नं0 2.3.14(15) के अनुसार **कॉन्ट्रावेन (Contravene)** स्तर का होना पाया गया।

अतः प्रकरण में अप्रार्थीगण द्वारा **कॉन्ट्रावेन (Contravene)** स्तर का **मिर्च पावडर (खुला)** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26(2) की उप धारा (iv) (iv) का उल्लंघन किया है जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.11.29 10:23:12 IST
Reason: SelfAttested

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक

अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 58 (सहपठित धारा 49) में निर्धारित है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण द्वारा किसी प्रकार का कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया तथा अपना जुर्म स्वीकार किया। प्रार्थी ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र अंकित तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए निवेदन किया कि अप्रार्थी जिस **मिर्च पावडर (खुला)** का विक्रय कर रहा था वह जांच में **कॉन्ट्रावेन (Contravene)** स्तर का होना पाया गया है इसलिए अप्रार्थीगण को भारी से भारी जुर्माने से दण्डित किया जावे।

हमने बहस पर मनन किया व पत्रावली का अवलोकन किया गया। अप्रार्थी के पास से लिया गया **मिर्च पावडर (खुला)** का नमूना जांच में **कॉन्ट्रावेन** (Contravene) स्तर का होना पाया गया है। उक्त कृत्य खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26(2) की उप धारा (iv) (v) के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्व प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 58 (सहपठित धारा 49) के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्व प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से अप्रार्थी श्री हुकुम चन्द अग्रवाल पुत्र श्री गोपीलाल अग्रवाल निवासी ग्राम व पोस्ट खरेडा बुजुर्ग तहसील निवाई जिला टोंक एफ.बी.ओ. मैसर्स विशाल किराणा स्टोर बस स्टैण्ड खरेडा बुजुर्ग तहसील निवाई जिला टोंक राज0 पर शास्ति 15,000 (अक्षरे पन्द्रह हजार रू0)आरोपित की जाती हैअभियुक्त उक्त दण्ड की राशि जरिये डीडी न्यायालय में अथवा जरिये चालान से राजकोष में संबंधित मद में निर्णय दिनांक 30.09.2021 से एक माह के अन्दर अन्दर जमा कराकर रसीद पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो।

निर्णय आज दिनांक 30.09.2021 को खुले न्यायालय में लिखा जाकर सुनाया गया।

न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट टोंक

30.9.21

(मुरारी लाल शर्मा)
न्यायनिर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक–राज0

Signature Not Verified

Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.11.29 10:23:12 IST
Reason: SelfAttested